# प्रताप विहार ईडब्ल्यूएस लॉटरी संपन्न, 477 परिवारों का 'अपने घर' का सपना साकार

## जीडीए की पारदर्शी लॉटरी से खिले चेहरे, लाभार्थियों ने जताया पीएम-सीएम का आभार

**आरव शर्मा**
**गाजियाबाद (1शिखर समाचार)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत प्रताप विहार योजना के 477 ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) भवनों का लॉटरी ड्रॉ सफलतापूर्वक संपन्न कराया। लोहिया नगर स्थित हिन्दी भवन में सुबह 11 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में 477 मुख्य भवनों के साथ-साथ 47 प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) के लिए भी लॉटरी निकाली गई। पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से हुए इस ड्रॉ के बाद उन सैकड़ों परिवारों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई, जो बरसों से अपने आशियाने का सपना देख रहे थे।





**अधिकारियों की मौजूदगी में पारदर्शी तरीके से निकली पर्चियां**

यह पूरी प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी, निष्पक्ष और तय नियमों के अनुसार संपन्न कराई गई। मौके पर अपर जिलाधिकारी (नगर) गाजियाबाद, अपर सचिव (जीडीए), वित्त नियंत्रक, विशेष कार्याधिकारी और डूडा के परियोजना अधिकारी मौजूद रहे। इन वरिष्ठ अधिकारियों और बड़ी संख्या में मौजूद आवेदकों की प्रत्यक्ष मौजूदगी में ड्रॉ निकाला गया। प्राधिकरण ने यह सुनिश्चित किया कि हर पात्र आवेदक को समान अवसर मिले और आवंटन प्रक्रिया में पूरी जवाबदेही बरती जाए।

**खुशी से झूम उठे लाभार्थी, छलके आंसू**

लॉटरी ड्रॉ के दौरान हिन्दी भवन का खचाखच भरा सभागार उत्साह और उम्मीदों से लबरेज था। जैसे-जैसे अधिकारियों द्वारा चयनित लाभार्थियों के नामों की घोषणा की जा रही थी, वैसे-वैसे हॉल में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज रही थी। जिनका नाम आवंटन सूची में आया, वे खुशी से झूम उठे। कई लाभार्थियों ने भावुक होते हुए इसे अपने जीवन का सबसे यादगार और बड़ा दिन बताया। सालों से किराए के मकानों में रह रहे इन परिवारों ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके अपने घर के उस सपने को सच कर दिया है, जिसे वे केवल संजोए बैठे थे।

**नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ का जताया आभार**

अपने खुद के घर का सपना सच होने पर लाभार्थियों ने केंद्र और राज्य सरकार की इस योजना की मुक्तकंठ से सराहना की। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना को गरीबों के लिए बड़ा वरदान बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में चल रही इस जनकल्याणकारी योजना का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही, इतने बड़े स्तर पर पूरी आवंटन प्रक्रिया को बिना किसी विवाद के, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से पूरा कराने के लिए प्राधिकरण के अधिकारियों को भी धन्यवाद दिया।

**किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए जीडीए प्रतिबद्ध**

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने इस अवसर पर स्पष्ट किया कि वह आर्थिक रूप से कमजोर और निम्न आय वर्ग के परिवारों को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है। प्राधिकरण आगे भी सरकार की जनहितकारी योजनाओं का इसी तरह प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन करता रहेगा ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का सीधा लाभ पहुंच सके।

# भाजपा के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर का गाजियाबाद में भव्य स्वागत, 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों का किया आह्वान

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी के पश्चिम उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर के प्रथम गाजियाबाद आगमन पर महानगर भाजपा ने महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में एनएच-24 स्थित इनमैनटेक कॉलेज के सामने भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी और समर्थक शामिल हुए तथा स्वागत के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। स्वागत समारोह के दौरान कार्यकताओं ने पुष्पवर्षा कर क्षेत्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से पहुंचे भाजपा कार्यकताओं ने संगठन के पक्ष में नारे लगाए। इस दौरान एक जेसीबी पर सवार होकर भी कार्यकताओं ने पुष्पवर्षा की, जिसने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवाब सिंह नागर ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, बूथ स्तर तक कार्यकताओं को सक्रिय करने तथा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है और प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर सरकार की नीतियों एवं उपलब्धियों को पहुंचाने का कार्य करेगा। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि नवाब सिंह नागर के नेतृत्व में पश्चिम उत्तर प्रदेश में संगठन को नई दिशा और गति मिलेगी। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण और जनसंपर्क अभियान को और प्रभावी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में पूरी सक्रियता से योगदान देंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंडल एवं मोर्चा पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के भी समुचित प्रबंध किए गए।



# कांवड़ यात्रा की तैयारियों का डीएम एसपी ने लिया जायजा, व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** आगामी श्रावण मास में शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुचारु और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कविता मीना एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बुधवार को जनपद के प्रमुख कांवड़ मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं तथा श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का गहन निरीक्षण कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि कांवड़ मार्गों पर जहां कहीं भी सड़कें क्षतिग्रस्त हैं या गड्ढे शेष हैं, उनकी मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर तत्काल पूरा कराया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मार्गों पर साफ सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाएं समय रहते सुनिश्चित कर ली जाएं। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बिजली के खंभों पर झूल रहे तारों को तत्काल ठीक कराया जाए। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से सभी विद्युत खंभों के निचले हिस्से को अस्थायी रूप से काले रंग की पॉलिथीन से ढकने की व्यवस्था की जाए, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे।

पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा यातायात व्यवस्था को इस प्रकार संचालित किया जाए कि श्रद्धालुओं और आम नागरिकों दोनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से आपसी समन्वय बनाकर समयबद्ध ढंग से तैयारियां पूरी करने को कहा।

# पात्र आवेदनकताओं को योजनाओं का लाभ दिलाने में किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी : डीएम रविन्द्र

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने तथा जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समय सुनिश्चित कराएं जाने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में निरंतर प्राप्त होने वाली शिकायतों, समस्याओं और निवेदनों के निस्तारण एवं निवारण के क्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ द्वारा आवश्यक दिशा- निर्देशित दिए।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजन कल्याण विभाग द्वारा जनपद में दिव्यांगजनों का चिन्हिकरण करते हुए उन्हें पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ई-वाईकिल सहित संचालित योजनाओं का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने विरासत के आधार पर आवेदित शस्त्र लाइसेंस आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाने हेतु निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने अलग-अलग क्षेत्र से प्राप्त हो रही भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायतें प्राप्त हो रही थी, जिसके क्रम में जिलाधिकारी और कमिश्नर ने संयुक्त टीम गठित करते हुए भूमि को अवैध रूप से कब्जाधारियों/भूमाफियाओं से निजात दिलाने के लिए अभियान के तहत कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारी यूपीनेड़ा सहित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनकल्याण, पर्यावरण हित में चलाई जा रही पीएम सूर्य घर योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाएं और प्रत्येक परिवार को इस योजना से आच्छांदित करने का हर सम्भव प्रयास किया जाएं। इस योजना के तहत लोगों को केन्द्र व राज्य सरकार से सब्सिडी भी प्राप्त होगी। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि आरटीई के तहत दाखिलों में किसी भी प्रकार की कोताही, लापरवाही या अनदेखी ना बरती जाए, पात्र आवेदन कर्ता को शत प्रतिशत लाभ दिलाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है, अतः कोई भी पात्र लाभार्थी जिसने आवेदन किया हो वह छूटना नहीं चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त कार्य युद्ध स्तर पर किये जाएं, उक्त से सम्बंधित किसी भी व्यक्ति को असुविधा का सामना ना करना पड़ें। ऐसा कोई भी कार्य बर्दाश्त नहीं किया जायेगा जिससे सरकार की छवि धूमिल हो। अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएं। जनता का उत्पीड़न किसी भी रूप में क्षमा योग्य नहीं है। जनता दर्शन के दौरान एडीएम ई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# केमिस्ट एसोसिएशन ने नवनियुक्त व स्थानांतरित औषधि निरीक्षकों का किया सम्मान




**मुजफ्फरनगर (शिखर समाचार)।** नगर के भोपा रोड स्थित एक होटल में केमिस्ट एसोसिएशन की ओर से सम्मान समारोह आयोजित कर नवनियुक्त औषधि निरीक्षक देशबंधु विमल तथा शामली स्थानांतरित हुए औषधि निरीक्षक पवन शाक्य का सम्मान किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने औषधि व्यवसाय से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। एसोसिएशन के जिला महामंत्री अक्षय मित्तल ने कहा कि जनपद में औषधि विभाग और दवा व्यापारियों के बीच हमेशा बेहतर समन्वय और सकारात्मक संबंध रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि देशबंधु विमल के मार्गदर्शन में यह सहयोग और अधिक मजबूत होगा। कार्यक्रम में दवा व्यापारियों ने शामली स्थानांतरित हुए औषधि निरीक्षक पवन शाक्य को सम्मानित करते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की तथा नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह के अंत में अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पारस्परिक संवाद हुआ। इस अवसर पर केमिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष कमलजीत सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश जुनेजा, संरक्षक योगेश मदान, चेयरमैन विजेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष बिंदल, महामंत्री अमित चौधरी सहित अनेक पदाधिकारी और दवा व्यापारी उपस्थित रहे।

# दीपक गोयल बने लायंस क्लब हापुड़ ग्रेटर के सचिव, सुधीर गुप्ता संभालेंगे अध्यक्ष पद

**हापुड़ (शिखर समाचार)।** लायंस क्लब हापुड़ ग्रेटर ने लायनिस्टिक वर्ष 2025-26 के समापन पर रेलवे रोड स्थित गोल्डन ट्यूलिप होटल में भव्य पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लायन नवनीत अग्रवाल उपस्थित रहे, जिनका क्लब की ओर से माला पहनाकर एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। समारोह के दौरान वर्ष 2026-27 के लिए क्लब की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें सुधीर गुप्ता को अध्यक्ष, दीपक गोयल को सचिव तथा सचिन गर्ग को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों का सदस्यों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आगामी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आदित्य गुप्ता ने क्लब के अनुज मित्तल और अनुज गोयल को डिस्ट्रिक्ट कमेटी चेयरपर्सन नियुक्त किए जाने की घोषणा की। इससे क्लब के सदस्यों में उत्साह का माहौल रहा। समारोह में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विजय वर्मा और लवलीन गुप्ता को सम्मानित किया गया। वहीं, सफल बैठक संचालन में सहयोग देने वाली तीनों लायन लेडीज को भी सम्मान प्रदान किया गया। पारिवारिक मिलन समारोह के दौरान बच्चों और बड़ों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।




# मियावाकी पद्धति : मिलिट्री ग्राउंड पर बनेगा मिनी सिटी फॉरेस्ट, गाजियाबाद नगर निगम ने शुरू किया प्लांटेशन

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** वन महोत्सव के तहत गाजियाबाद नगर निगम ने 1 जुलाई से लेकर 7 जुलाई तक प्लांटेशन अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत बड़ी तादाद में गाजियाबाद नगर निगम प्लांटेशन का कार्य करेगा। थाना विजयनगर क्षेत्र में मिलिट्री ग्राउंड की जमीन पर नगर निगम ने बुधवार से प्लांटेशन का कार्य शुरू कर दिया है। इस कार्य के तहत वहां पर मिनी सिटी फॉरेस्ट डेवलप किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत मेयर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निगम अधिकारियों के साथ मिलकर की। अभियान के तहत नगर निगम की टीम 9 एकड़ भूमि पर एक लाख से अधिक पौधे लगेंगे। मेयर सुनीता दयाल ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम विजयनगर क्षेत्र में विशेष रूप से विकास कार्य करवा रहा है। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए भी बड़े स्तर पर कार्य चल रहे है, जिसमें आर्मी लैंड की 48 एकड़ भूमि पर 6 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। 9 एकड़ भूमि पर एक लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम अब तक लगभग 17 स्थान पर गंदगी हटाकर प्लांटेशन का कार्य कर चूका है। मियावकी पद्धति से 388961 पौधों को रोपित करते हुए सफलतापूर्वक वृक्ष बना जा चूका है। हर्ष इंडस्ट्रियल एरिया मोहन नगर, पाइप मार्केट साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया, राजेंद्र नगर इंडस्ट्रियल एरिया मोहन नगर, साउथ साइड इंडस्ट्रियल एरिया विजयनगर, सिद्धार्थ विहार विजय नगर, रक्षा राइफल आर्मी ग्राउंड विजय नगर, रईसपुर कविनगर, लोहा मंडी पुलिस स्टेशन कवि नगर, बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया कवि नगर, महर्षि दयानंद पार्क, इंदिरापुरम कनवानी ब्रिज एरिया, साइन उपवन में गंदगी हटाकर पौधे लगाए गए है, जोकि जनहित में पर्यावरण सुधार का कार्य कर रहे है' एक पेड़ मां के नाम मुहिम के अंतर्गत वन महोत्सव के क्रम में पौधारोपण सभी वार्डों में प्रारंभ हुआ है, जिसमें विजयनगर में बृहद प्लांटेशन किया जा रहा है। पौधों को वृक्ष बनाकर निगम शहर की वायु गुणवत्ता सुधार का प्रयास कर रहा है। प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम ने शासन के लक्ष्य की पूर्ति के क्रम में प्लांटेशन किया जाएगा, जिसकी शुरूआत आज की गई है। इसके अलावा भी आर्मी लैंड तथा निगम की रिक्त भूमि, सेंट्रल वर्ज, पार्को में प्लांटेशन किया जाएगा, वन महोत्सव एक सप्ताह चलेगा जिसमें शहर को वृहद प्लांटेशन के लिए भी जागरूक किया जाएगा। फलदार छायादार पौधे लगाए जाएंगे, मौके पर महापौर तथा नगर आयुक्त ने मालियों को भी सम्मानित किया है।



# ऑपरेशन प्रहारः क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने नशीले पाउडर का तस्कर दबोचा, 121 ग्राम अल्प्राजोलम बरामद

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस को नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध नशीले पाउडर की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 121 ग्राम अवैध नशीला पाउडर अल्प्राजोलम तथा उसकी बिक्री से प्राप्त 1150 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है। वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम क्षेत्र में अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चला रही थी। इसी दौरान बीआर इंटरनेशनल स्कूल के पीछे स्थित खाली मैदान से एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 121 ग्राम अल्प्राजोलम पाउडर और 1,'150 रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ के बाद आरोपी की पहचान ओम सिंह उर्फ चोचू उम्र 22 वर्ष निवासी पार्वती वाली गली 20 फुट रोड सिद्धार्थ विहार के रूप में हुई। पुलिस इसके सप्लाई नेटवर्क और अन्य सहयोगियों की तलाश में जुट गई है। उन्होंने बताया कि जांच में यह भी सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी कोई नया अपराधी नहीं है। उसके खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट और अन्य मामलों में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी पर थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक, थाना विजयनगर और गौतमबुद्ध नगर के थाना बिसरख में पांच आपराधिक मुकदमे दर्ज है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली से सस्ते दामों पर नशीला पाउडर लाता था और किराये के मकान में रहकर उसकी छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर सिद्धार्थ विहार व आसपास के क्षेत्रों में अधिक कीमत पर बेचता था। इस अवैध कारोबार से वह अच्छा मुनाफा कमाता था।



# होटल में घुसकर दंपति से मारपीट व अभद्रता का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**मोदीनगर (शिखर समाचार)।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर आबूपुर के निकट स्थित एक होटल में ठहरे दंपति के साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट और महिला के साथ अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। होटल संचालक ने निवाड़ी थाने में शिकायत देकर आरोपियों पर होटल में तोड़फोड़, हंगामा करने और रंगदारी मांगने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार, पारिवारिक विवाद के चलते एक दंपति होटल में कमरा लेकर ठहरा हुआ था। मंगलवार शाम करीब एक दर्जन से अधिक लोग होटल पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने स्वयं को बजरंग दल से जुड़ा बताते हुए होटल में घुसकर हंगामा किया और दंपति के कमरे का दरवाजा तोड़ दिया। इसके बाद कमरे में घुसकर पति के साथ मारपीट की गई तथा उसकी पत्नी के साथ अभद्रता की गई। आरोप है कि हमलावर पति का मोबाइल फोन और एटीएम कार्ड भी अपने साथ ले गए। होटल में ठहरे एक अन्य युवक के साथ भी मारपीट किए जाने की बात सामने आई है। होटल संचालक कपिल कुमार ने निवाड़ी थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच की जा रही है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी भास्कर वर्मा ने बताया कि पूरे प्रकरण की गहन जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# ऑपरेशन शस्त्र अभियान में अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**गढ़मुक्तेश्वर (शिखर समाचार)।** अपराध की रोकथाम और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत थाना सिम्भावली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचे और एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार ग्राम सेना स्थित कब्रिस्तान के पास चेकिंग के दौरान फैजान पुत्र शकील निवासी ग्राम सेना, थाना सिम्भावली को गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ। आरोपी के विरुद्ध थाना सिम्भावली में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मनोहर लाल, उपनिरीक्षक सोनू कुमार, उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, कांस्टेबल दिनेश कुमार तथा कांस्टेबल सुनील देव शामिल रहे।



# जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में पियूष का शानदार प्रदर्शन, यूपी स्टेट शूटिंग में शामली के निशानेबाजों ने जीते पदक

**शामली (शिखर समाचार)।** जर्मनी में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में शामली राइफल क्लब के निशानेबाज पियूष शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 629.2 अंक हासिल कर फाइनल में स्थान बनाया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने 16वें शॉट तक बढ़त बनाए रखी, लेकिन शूट-ऑफ में मामूली अंतर से चौथे स्थान पर रह गए। उनके प्रदर्शन की खेल जगत में सराहना हो रही है। उधर, नई दिल्ली में आयोजित 49वीं उत्तर प्रदेश स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में भी शामली राइफल क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत एवं टीम स्पधाओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर जनपद का गौरव बढ़ाया। बुधवार को जिलाधिकारी आलोक यादव ने कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और अनुशासन से जनपद का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन हो रहा है। साथ ही भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं भी दीं।



# वंचित बस्ती में पहुंचकर प्रधानाध्यापक ने जगाई शिक्षा की अलख

**शामली (शिखर समाचार)।** प्राथमिक विद्यालय बदलूगढ़ के प्रधानाध्यापक राकेश सैनी ने विद्यालय के आसपास स्थित वंचित बस्तियों में घर-घर पहुंचकर अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों, विशेषकर बेटियों को विद्यालय भेजने का आह्वान करते हुए शिक्षा को उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव बताया। जागरूकता अभियान के दौरान कई परिवारों ने बिजली, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव की जानकारी भी प्रधानाध्यापक को दी। उन्होंने अभिभावकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और शिक्षा के माध्यम से सामाजिक बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया। राकेश सैनी ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के बेहतर भविष्य के साथ-साथ समाज में व्याप्त समस्याओं के समाधान का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों का सरकारी विद्यालय में नामांकन कराने और नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। अभियान का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला और कई अभिभावकों ने अपने बच्चों का प्राथमिक विद्यालय बदलूगढ़ में नामांकन कराने का भरोसा दिलाया।



## संक्षिप्त समाचार

### लेखपाल के खाते से 4.62 लाख उड़ाए

**गोरखपुर एजेंसी।** साइबर ठगों ने जंगल धूषण निवासी लेखपाल रमेश कुमार के व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर 4,62,191 रुपये पार कर दिए। पीड़ित द्वारा एनसीआरपी पर शिकायत करने के बाद पुलिस ने आईटी एक्ट में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जंगल धूषण निवासी रमेश कुमार लेखपाल हैं। उन्होंने पुलिस को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि उनके भारतीय स्टेट बैंक के खाते से साइबर ठगों ने 4,62,191 रुपये की अवैध निकासी कर ली। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले उनके वाट्सएप पर एक एपीके फाइल का लिंक भेजा गया था। लिंक खोलते ही मोबाइल फोन हैक हो गया और जालसाजों ने बैंक खाते तक पहुंच बनाकर पूरी वारदात को अंजाम दे दिया। इंस्पेक्टर क्राइम अवधेश तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### भगवान जगन्नाथ का हुआ जलाभिषेक

**गोरखपुर एजेंसी।** भगवान जगन्नाथ की परंपरागत रथ यात्रा असुरन चौक स्थित विष्णु मंदिर से 16 जुलाई से शुरू होगी। इसको लेकर सोमवार को भगवान जगन्नाथ का जलाभिषेक से किया गया। इसमें बड़े ही आस्था के साथ भगवान जगन्नाथ को वैदिक मंत्रोचारण के बीच जल से स्नान कराया गया। मानस उत्थान समिति की ओर से किए जा रहे आयोजन में सोमवार को सुबह लगभग 10 बजे के आसपास अनुष्ठान को शुरू किया गया। इस दौरान भगवान जगन्नाथ को स्नान कराया गया। वैदिक मंत्रोंचार पुरोहितों के इस दौरान गूंज रहे थे। इसके बाद नए वस्त्र धारण कराया गया। भगवान को बड़े ही आस्था भाव से पूजा-अर्चना कर भोग लगाया गया। मानस उत्थान समिति के अध्यक्ष राधेश्याम ने बताया कि भगवान को अब प्रतिदिन काढ़ा सेवन कराया जाएगा। इसके बाद आगामी 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाएगी। इसमें भगवान जगन्नाथ ,बलभद्र और सुभद्रा की प्रतिमा रहेगी।

### राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में शहर के खिलाड़ियों ने बिखेरा जलवा

**कानपुर एजेंसी।** उत्तराखंड के रुड़की की सीओईआर यूनिवर्सिटी में 26 से 28 जून तक हुई नेशनल योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में शहर के खिलाड़ियों ने जलवा बिखेरा। उन्होंने बेहतर प्रदर्शन कर तीन कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।उत्तर प्रदेश टीम की ओर से खेलते हुए गुनिका रतन, दिव्यांशी और आकृत बाजपेई ने उत्कृष्ट योगासन प्रदर्शन के दम पर कांस्य पदक जीत कानपुर और प्रदेश का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता में दीक्षा गुप्ता और विक्रांत सिंह ने नेशनल जज एवं उत्तर प्रदेश टीम के कोच की जिम्मेदारी निभाई। समापन समारोह में इंटरनेशनल प्रेसिडेंट शिवम भदौरिया, टेक्निकल डायरेक्टर रितु भदौरिया, नेशनल प्रेजिडेंट अंशु सरकार तथा उत्तर प्रदेश के नेशनल जनरल सेक्रेटरी विनय कुमार श्रीवास्तव ने पदक विजेताओं को सम्मानित किया। दीक्षा गुप्ता और विक्रांत सिंह ने कहा कि शहर के खिलाड़ियों में आगामी थाईलैंड में आयोजित होने वाले एशियाई पैसिफिक योगासन खेलों में भारत के लिए पदक जीतने की पूरी क्षमता है।

### पूर्व निदेशक ने पेड़ों की कटाई का मामला सुरक्षा प्रभारी पर डाला

**कानपुरएजेंसी।** नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट (एनएसआई) परिसर में 722 हरे पेड़ों की अवैध कटाई के मामले में पूर्व निदेशक ने पूरा ठीकरा सुरक्षा प्रभारी पर फोड़ दिया है। सूत्रों के अनुसार वन विभाग को दिए गए बयान में उन्होंने कहा कि उन्होंने केवल कुछ पेड़ काटने के निर्देश दिए थे लेकिन इतनी बड़ी संख्या में पेड़ काटे जाने की जानकारी उन्हें नहीं थी। उन्होंने इसके लिए सुरक्षा प्रभारी को जिम्मेदार बताया है। मामले में कल्याणपुर थाने में एफआईआर दर्ज है जबकि वन विभाग ने भी अलग से प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर रखी है। जांच अधिकारी एसडीओ आशीष जैन हैं। वहीं सुरक्षा प्रभारी ने भी वन विभाग में अपने बयान दर्ज कराए हैं। जांच टीम की ओर से जब्त अभिलेखों के आधार पर मामले की पड़ताल की जा रही है। दो नोटिस जारी होने के बाद एनएसआई के अधिकारियों ने भी वन विभाग के समक्ष बयान दर्ज कराने शुरू कर दिए हैं।

### फ्रंट ऑफिस व्यवस्था के खिलाफ वकीलों ने निकाला पैदल मार्च

**अलीगढ़ , एजेंसी।** उप निबंधक कार्यालय में लागू की जा रही फ्रंट ऑफिस व्यवस्था के विरोध में सोमवार को अतरौली में वकील सड़कों पर उतर आए। सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। तहसील से शुरू हुआ पैदल और बाइक मार्च अवंतीबाई चौराहे तक पहुंचा, जहां सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।मार्च के दौरान वकीलों के हाथों में तख्तियां थीं और जुबान पर फ्रंट ऑफिस व्यवस्था मुर्दाबाद, वकील एकता जिंदाबाद के नारे थे। चेतावनी दी कि सरकार ने जल्द इस व्यवस्था को वापस नहीं लिया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। न्यायालय कार्य के बहिष्कार समेत बड़े कदम उठाए जाएंगे। प्रदर्शन में बार के पूर्व अध्यक्ष चौधरी शिव सिंह, राकेश यादव, सौरभ सक्सेना, नीलिमा पाठक, अमित शर्मा, विश्वेंद्र कुमार, श्रीपाल राजपूत, किशन राजपूत आदि थे।

# एलडीए की लापरवाही से अभी खड़ी है 15 लोगों की जान लेने वाली बिल्डिंग



**लखनऊ, एजेंसी।** अलीगंज की जिस अवैध बिल्डिंग में आग लगने से 15 लोगों की जान गई, उस पर अब तक बुलडोजर चल चुका होता, मगर एलडीए के जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण अभी ऐसा नहीं हो पाया है। इसके लिए इंतजार किया जा रहा है, क्योंकि 10 साल पहले इसी बिल्डिंग का ध्वस्तीकरण आदेश एलडीए ने खुद ही निरस्त कर दिया था।

ऐसे में एक तरह से एलडीए ने बिल्डिंग को वैध कर दिया गया था। इसी कारण एलडीए अभी तक ध्वस्तीकरण का आदेश जारी नहीं कर पाया है। जो नोटिस 23 जून को एलडीए की ओर से जारी हुआ था, वह अभी अवैध निर्माण पर कारण बताओ नोटिस भर है। इस पर सुनवाई होने के बाद ही एलडीए ध्वस्तीकरण का आदेश जारी कर पाएगा। भवन निर्माण उपविधि के नियमों के तहत अवैध निर्माण की शिकायत पर एलडीए पहले धारा 27(1) के तहत कारण बताओ नोटिस जारी करता है और विहित न्यायालय में वाद दायर करता है। इसमें 15 दिन का मौका सुनवाई के लिए देता है। सुनवाई के बाद एलडीए ध्वस्तीकरण का आदेश जारी करता है।

जिन मामलों में यह नोटिस पहले से जारी रहता है, उसमें अवैध निर्माण को ध्वस्त करने से पहले सुनवाई का मौका देने की बाध्यता नहीं रहती। जानकारों ने बताया कि चूंकि एलडीए अलीगंज सेक्टर-डी में भवन संख्या 102 की बिल्डिंग को एक बार वैध करार दे चुका है, ऐसे में अब कार्रवाई के लिए नोटिस की प्रक्रिया पूरी करना विधिक रूप से जरूरी है।

**एलडीए में अटके हैं चार हजार मामले**

अवैध निर्माण साबित होने के बाद उन पर ध्वस्तीकरण और सीलिंग की कार्रवाई के लिए करीब चार हजार मामले एलडीए के ही विहित न्यायालयों में अटके हैं। इनमें कई मामले ऐसे भी हैं, जो करीब एक साल से लंबित हैं। इससे अवैध निर्माण करने वालों को बढ़ावा भी मिल रहा है। विहित न्यायालय में सुनवाई होने के बाद ही इन पर सीलिंग और ध्वस्तीकरण आदेश होगा।

# दुकान खोलने के लिए 10 लाख रुपये की रंगदारी, धमकी पर प्राथमिकी दर्ज



**वाराणसी एजेंसी।** वाराणसी में दालमंडी क्षेत्र में वक्फ की संपत्ति स्थित दुकान खोलने के बदले 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में चौक थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। अपर पुलिस आयुक्त (काशी जोन) के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद आजम और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामले में शिकायतकर्ता हंकार टोला निवासी निसार कुरैशी और आदि विश्वेश्वर क्षेत्र निवासी मोहम्मद अजीजुल्ला कादरी हैं। दोनों का आरोप है कि वे वर्ष 2006 से वक्फ संख्या-294 की संपत्ति में किरायेदार के रूप में दुकान संचालित कर रहे हैं। पीड़ितों के अनुसार मस्जिद परिसर में मरम्मत और निर्माण कार्य के दौरान दुकानें खाली कराई गई थीं। निर्माण पूरा होने के बाद उन्हें दोबारा दुकान पर काबिज कराया गया, लेकिन पिछले चार वर्षों से वे दुकान का संचालन नहीं कर पा रहे हैं।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मोहम्मद आजम खुद को मस्जिद का मुतवल्ली बताकर उनकी दुकान नहीं खुलने दे रहा है। पीड़ितों का कहना है कि आरोपी दुकान खोलने के एवज में 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगता है। रुपये नहीं देने पर दुकान पर कब्जा करने और हत्या कराने की धमकी भी दी जाती रही है। कई बार समझाने और स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बावजूद आरोपी का रवैया नहीं बदला।

पीड़ितों के मुताबिक, 9 जून को जब निसार कुरैशी दुकान खोलने पहुंचे तो मोहम्मद आजम चार-पांच साथियों के साथ वहां पहुंच गया। आरोप है कि उसने गाली-गलौज करते हुए दोबारा रंगदारी की मांग की और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। घटना के बाद चौक थाने में शिकायत दी गई, लेकिन तत्काल कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इसके बाद पीड़ितों ने अपर पुलिस आयुक्त (काशी जोन) से न्याय की गुहार लगाई। उनके निर्देश पर चौक पुलिस ने मोहम्मद आजम और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ, जागरूकता रैली निकालकर किया जनजागरूक



**शामली (शिखर समाचार)।** जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शामली से शुभारंभ किया गया। नवनियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्ण गोपाल ने हरी झंडी दिखाकर एवं फीता काटकर अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर एनसीसी कैडेटों और आशा कार्यकताओं ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां लेकर रैली निकाली और लोगों को संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि बुखार को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए, क्योंकि उपचार में देरी गंभीर परिणाम ला सकती है। उन्होंने लोगों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और संचारी रोगों की रोकथाम के लिए स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई से 31 जुलाई तक "घर-घर दस्तक" अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगी तथा बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी लेंगी।

उन्होंने कहा कि यदि किसी बच्चे को बुखार हो तो बिना विलंब सरकारी अस्पताल में उपचार कराएं, क्योंकि कोई भी सामान्य दिखाई देने वाला बुखार दिमागी बुखार भी हो सकता है। समय पर जांच और उपचार से गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। जागरूकता रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली, जिसमें प्रतिभागियों ने संचारी रोगों की रोकथाम और स्वच्छता के संदेश दिए।

इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अतुल बंसल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी, आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ. विजेंद्र कुमार, हनीफ अहमद सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों का भारत बनाने में कार्यकर्ता निभाएं सक्रिय भूमिका : सुरेश राणा




**नगीना/बिजनौर (शिखर समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों और उनके बलिदान को आत्मसात कर कार्यकताओं को उनके सपनों के भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना डॉ. मुखर्जी का प्रमुख उद्देश्य था और देश में एक झंडा, एक संविधान की भावना को साकार करने में प्रत्येक कार्यकर्ता का योगदान आवश्यक है। नगीना धामपुर मार्ग स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती स्मरण पखवाड़ा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सुरेश राणा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी राष्ट्र और समाज के महान चिंतक थे। उन्होंने जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाने के लिए संघर्ष किया। संसद में उन्होंने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने की जोरदार वकालत की थी। अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की एक विशाल रैली में उन्होंने संकल्प लिया था कि या तो वहां भारतीय संविधान लागू कराएंगे या इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर देंगे।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1953 में बिना परमिट जम्मू कश्मीर जाने पर डॉ. मुखर्जी को गिरफ्तार कर लिया गया था और 23 जून 1953 को हिरासत के दौरान रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हो गया। उनकी मृत्यु से पूरा देश स्तब्ध रह गया था। इसके बाद परमिट व्यवस्था समाप्त हुई। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का नारा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे आज भी राष्ट्र की एकता और अखंडता का प्रतीक है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भूपेंद्र उर्फ बाबी ने की तथा संचालन जिला महामंत्री दिनेश सैनी ने किया। सम्मेलन में विधायक ओम कुमार, ऐश्वर्या मौसम चौधरी, तपराज सिंह, अनुप वाल्मीकि, कृष्ण बलदेव, फूल सिंह चौधरी, दीपक वाल्मीकि, प्रहलाद कुशवाहा, सौरभ मित्तल, लवी मित्तल, भूपेश चौहान, सोहन सैनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अखिलेश यादव का जन्मदिन सेवा कार्यों के साथ मनाया, कुष्ठ आश्रम में भोजन वितरण व पौधारोपण किया



**शामली (शिखर समाचार)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर बुधवार को टपराना चौक स्थित एक मैरिज होम में केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं ने पौधारोपण किया तथा कुष्ठ आश्रम में भोजन वितरण कर सामाजिक सेवा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद इकरा हसन रहीं, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चौधरी सुरेंद्र सिंह ताना ने की। सांसद इकरा हसन ने कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान उत्तर प्रदेश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए। उन्होंने कहा कि उस समय गरीबों, किसानों और मजदूरों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गईं, जिससे समाज के कमजोर वर्गों को आगे बढ़ने का अवसर मिला।

इसके बाद सांसद इकरा हसन पार्टी पदाधिकारियों के साथ कुष्ठ आश्रम पहुंचीं, जहां उन्होंने रोगियों को भोजन वितरित किया और उनकी समस्याएं सुनीं। आश्रम के लोगों ने बताया कि बरसात के दौरान जलभराव की गंभीर समस्या बनी रहती है। साथ ही निकट स्थित नगर पालिका के कूड़ा निस्तारण केंद्र से आने वाली दुर्गंध और गंदा पानी आश्रम तक पहुंच जाता है। कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराने और पक्के मकान बनवाने की मांग की। सांसद इकरा हसन ने आश्वासन दिया कि वह इस समस्या को दिशा समिति की बैठक में उठाकर समाधान कराने का प्रयास करेंगी। इसके बाद उन्होंने पार्टी कार्यकताओं के साथ विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, ठाकुर शेर सिंह राणा, डॉ. दीपा पंवार, राहुल सैनी, चौधरी राशिद अली, चौधरी कलीम हसन, सुरेश प्रधान, राहुल जावला, अनुज जावला, इमरान राणा, जहीर चौहान, चौधरी अश्वनी गुर्जर, चौधरी शमशेर जंग, विक्की प्रधान, कुलदीप प्रधान, नफीस राणा, सतीश चेयरमैन, संदीप पुंडीर, राव तफरुज, चौधरी मुस्तकीम, विनीत रोड, राहुल राणा, कादिर हसन, चौधरी वसीम, अनमोल पंवार सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डॉक्टर्स डे और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे पर चिकित्सकों व सीए का सम्मान

**शामली (शिखर समाचार)।** लायंस क्लब शामली क्राउन ने डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर जनपद के प्रतिष्ठित चिकित्सकों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को उनके कार्यस्थलों पर पहुंचकर सम्मानित किया। क्लब पदाधिकारियों ने अस्पतालों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के कार्यालयों में जाकर माल्यार्पण किया, शॉल ओढ़ाकर तथा स्मृति-चिह्न भेंट कर उनके योगदान की सराहना की। क्लब अध्यक्ष अंकुर गोयल ने कहा कि डॉक्टर और चार्टर्ड अकाउंटेंट समाज के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जिनके बिना स्वस्थ और सुदृढ़ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि चिकित्सक अपनी सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता से लोगों के जीवन की रक्षा करते हैं, जबकि चार्टर्ड अकाउंटेंट आर्थिक व्यवस्था में पारदर्शिता, अनुशासन और विश्वास को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति समर्पित इन कर्मयोगियों का सम्मान करना लायंस क्लब शामली क्राउन के लिए गर्व की बात है। क्लब भविष्य में भी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने की परंपरा जारी रखेगा। कार्यक्रम का संचालन विकास गोयल ने किया। इस अवसर पर विजय संगल, रुपेश गर्ग, आयुष्मान सिंघल, विकास गोयल सहित क्लब के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



# ऑरा कार ने आरोपियों तक पहुंचाया, मुठभेड़ में शूटर, मास्टरमाइंड समेत पांच गिरफ्तार



**वाराणसी एजेंसी।** रोहनिया थाना क्षेत्र के अवलेशपुर सौरभ विहार कॉलोनी में किराना व्यवसायी जितेंद्र पटेल की हत्या उनके बैंक खाते में 26 लाख रुपये लूटने के इरादे से की गई थी। साइबर अपराधियों ने शूटर के जरिये इस हत्या को अंजाम दिलवाया। साइबर अपराध में पहली बार गोली मारकर हत्या की गई।

कमिश्नरेट समेत पूर्वांचल में इस तरीके की हत्या नहीं हुई थी। शूटर, मास्टरमाइंड समेत पांच आरोपियों को रोहनिया पुलिस और एसओजी ने बीती रात गिरफ्तार किया। करसड़ा में मुठभेड़ में शूटर समेत दो आरोपी घायल हो गए। आरोपियों के पास से 1.78 लाख रुपये, अवैध असलहा, सिम कार्ड, बारकोड समेत अन्य सामान बरामद हुए। सोमवार को पुलिस लाइन के सभागार में डीसीपी वरुणा जोन प्रमोद कुमार ने पत्रकारों को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य शूटर मिर्जापुर के अदलहाट थाना क्षेत्र के खजुरौल भौरूहिया निवासी सुशील पटेल उर्फ गोलू और मिर्जापुर के अहरौरा थाना क्षेत्र के घाटमपुर निवासी गियांशु पटेल उर्फ बाबू, मास्टरमाइंड अहरौरा के बरबकपुर निवासी आयुष पटेल उर्फ भोला, अदलहाट बाजार निवासी अमन सेठ और अदलहाट थाना क्षेत्र के देवरिया निवासी मनीष सिंह हैं। ये सभी 19 से 23 वर्ष की आयु के बीच हैं।

गियांशु पटेल और आयुष छह माह पूर्व जनरल स्टोर संचालक जितेंद्र की दुकान पर पेटीएम केवाईसी अपडेट के बहाने पहुंचे थे। मोबाइल अपडेट के बहाने आरोपियों ने पता लगाया कि जितेंद्र के बैंक खाते में 26 लाख रुपये हैं। यहीं से गियांशु और आयुष ने मोबाइल लूटने की योजना बनाई।

गियांशु और आयुष ने अपने दोस्त अमन सेठ व मनीष सिंह के साथ रेकी की। इस बीच मामला नहीं बन पाने के कारण सभी ने योजना बनाई कि जितेंद्र की गोली मारकर हत्या के बाद मोबाइल लूटकर भाग जाएंगे। आयुष ने अपने मित्र सुशील पटेल उर्फ गोलू को साथ में जोड़ा। मुंगेर, बिहार से सुशील और अमन सेठ अवैध पिस्टल खरीदकर लाए।

6 जून को जितेंद्र की रास्ते में गोली मारकर हत्या की जानी थी, लेकिन उस दिन जितेंद्र जल्दी घर पहुंच गया था। 8 जून की रात जितेंद्र बाइक से घर लौट रहा था कि घर से 100 मीटर पहले ही रोनिन बाइक से सुशील और गियांशु ने रेकी की और बाइक पर पीछे बैठे शूटर सुशील ने गोली मारी। हालांकि पहली गोली जितेंद्र की पीठ पर लगी तो वह सीधे घर की ओर भागा।

सुशील ने दोबारा सिर में गोली मारने का प्रयास किया, लेकिन गोली मिस हो गई। इसके बाद सभी भाग निकले। अमन सेठ, आयुष पटेल और मनीष सिंह हुंडई की ऑरा कार से उनका सहयोग कर रहे थे। आयुष और गियांशु पहले पेटीएम में कर्मचारी थे।

डीसीपी प्रमोद कुमार ने बताया कि लगभग 2000 कैमरों और 50 पुलिसकर्मियों की टीम के जरिये मामले की गुत्थी सुलझाने का प्रयास किया गया। कैमरों की छानबीन में यह मालूम चला कि रोनिन बाइक के आगे ऑरा कार भी चल रही थी। कई रूटों पर ऑरा कार और रोनिन बाइक को साथ-साथ देखा गया।

ऑरा कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर अमन सेठ को पकड़ा गया। इसके बाद पूरा मामला स्पष्ट हो गया। बिना नंबर की रोनिन बाइक के बारे में जानकारियां जुटाई गईं तो बाइक मिर्जापुर के एक शोरूम से खरीदी गई थी। सभी आरोपियों के पास रोनिन बाइक है, इसलिए इस गैंग को रोनिन गैंग का नाम दिया गया। एडीसीपी लिपि नागयच ने बताया कि आरोपी आयुष पटेल, मनीष सिंह और अमन सेठ को रविवार की रात अखरी के पास से गिरफ्तार किया गया। शूटर सुशील पटेल और गियांशु पटेल को करसड़ा में पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया।

दोनों आरोपियों के पास से 7.65 बोर की एक पिस्टल, 7.65 बोर के चार कारतूस, .315 बोर का तमंचा, चार कारतूस, दो रोनिन बाइक, 10 पेटीएम मशीनें, विभिन्न कंपनियों के 29 डेबिट कार्ड, 1.78 लाख रुपये नकद, 20 मोबाइल फोन, 116 क्यूआर कोड, एप्पल का लैपटॉप, नौ सिम कार्ड, वाईफाई डोंगल, पासबुक और चेकबुक आदि बरामद किए गए।

वाराणसी के अलावा लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, अयोध्या और चंदौली में भी आरोपियों ने साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम दिया है। पुलिस आयुक्त ने रोहनिया इंस्पेक्टर राजू सिंह और एसओजी को एक लाख रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है। आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी है।

पांच आरोपियों की उम्र 19 से 23 वर्ष के बीच है। साइबर ठगी पर बनी जामताड़ा मूवी देखकर आरोपियों ने कम उम्र में साइबर ठगी से अथाह पैसे कमाने की सोची। आईटीआई, बीएससी, बीए और इंटर पास आरोपियों ने पहले छोटी-छोटी साइबर ठगी शुरू की। छह माह पूर्व पेटीएम कंपनी से आरोपी आयुष ने छोटे-बड़े दुकानदारों की पेटीएम केवाईसी की और उन्हें क्यूआर कोड उपलब्ध कराए। इसके सहारे जब वह अपने काम में पारंगत हो गया तो उसने अपना गिरोह तैयार किया।

# व्यापारियों की समस्याओं के समाधान को प्रशासन गंभीर, सड़कों की मरम्मत और आधारभूत सुविधाएं दुरुस्त करने के निर्देश

**ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)।** जिलाधिकारी मेघा रूपम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) सभागार में व्यापार बंधु समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने व्यापारिक गतिविधियों को प्रभावित करने वाली समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। जिलाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए और कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।




बैठक में व्यापारियों ने सेक्टर-64 स्थित आदर्श परीक्षा केंद्र के आसपास वाहन पार्किंग और सार्वजनिक शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव का मुद्दा उठाया। साथ ही परीक्षाओं के दौरान लगाए जाने वाले संकेत अवरोधक (जैमर) की अधिक रेंज के कारण आसपास के व्यापारियों और आम नागरिकों को मोबाइल नेटवर्क में आने वाली बाधाओं का उल्लेख करते हुए इसका व्यावहारिक समाधान कराने की मांग की।



व्यापारिक संगठनों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-9 से छिजारसी गोलचक्कर तक प्रस्तावित मार्ग को भविष्य की यातायात आवश्यकताओं को देखते हुए छह लेन और सेवा मार्ग सहित विकसित किए जाने का सुझाव दिया। इसके अलावा सेक्टर-115 स्थित आइवरी काउंटी के सामने, स्टेडियम मार्ग, सेक्टर-49, बरौला तथा बरौला-भगेल मार्ग की जर्जर सड़कों और गड्ढों की समस्या भी प्रशासन के समक्ष रखी गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित प्राधिकरणों और विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत कर उन्हें गड्ढामुक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि व्यापारिक संगठनों द्वारा उठाए गए प्रत्येक बिंदु पर गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जिले में व्यापारिक गतिविधियां अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण में संचालित हो सकें।

बैठक में राज्य कर विभाग के उप आयुक्त (प्रशासन) अजीत कुमार सिंह, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मोबाइल टावरों से करोड़ों की चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** स्वाट टीम और ट्रोनिका सिटी थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मोबाइल टावरों से महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब एक करोड़ रुपये कीमत के चोरी किए गए मोबाइल टावर उपकरण बरामद किए है। इसके साथ ही चोरी की वारदातों में प्रयुक्त एक बीएमडब्ल्यू कार, वायर कटर, प्लास सहित अन्य उपकरण भी बरामद किए गए है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अदानान उर्फ अज्जू, आमिर और सौरभ के रूप में हुई है। संयुक्त अभियान के दौरान ट्रोनिका सिटी क्षेत्र में मोबाइल टावर से रिमोट रेडियो यूनिट चोरी करते समय तीनों को दबोच लिया गया। पूछताछ और निशानदेही पर पुलिस ने विभिन्न स्थानों से चोरी किए गए 20 रिमोट रेडियो यूनिट, 7 बेस बैंड यूनिट और एक रेडियो रिसीवर यूनिट चेकिंग मशीन बरामद की। संवाददाता सम्मेलन में एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर ने बताया कि बीबीयू और आरआरयू मोबाइल टावर के अत्यंत महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक उपकरण होते है। बीबीयू को मोबाइल टावर का दिमाग माना जाता है, जिसकी कीमत 5 से 10 लाख रुपये तक होती है, जबकि एक आरआरयू की कीमत लगभग 1.5 से 2 लाख रुपये होती है। इन उपकरणों की चोरी से दूरसंचार सेवाएं प्रभावित होने की आशंका रहती है। इनके चोरी होने की सूचना लगातार मिल रही थी, जिसके बाद इस गिरोह को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आमिर के खिलाफ पहले से हत्या के प्रयास, हत्या और आर्म्स एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज है। वहीं



अन्य आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। इस सफलता पर स्वाट टीम और ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम को 50 हजार रुपये के नकद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और चोरी के सामान की खरीद-फरोख्त करने वाले नेटवर्क की तलाश में जुटी है।पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया किया कि वह गाजियाबाद, दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में मोबाइल टावरों से महंगे उपकरण चोरी कर चुके है। गिरोह चोरी किए गए उपकरणों की खरीद-फरोख्त करता था और उन्हें आगे अन्य लोगों के माध्यम से विदेशों तक भेजा जाता था।अभियुक्त आमिर ने बताया कि वर्ष 2023 में हत्या के एक मामले में जेल गया था। इसी दौरान उसकी मुलाकात ऐसे लोगों से हुई, जिन्होंने उसे मोबाइल टावरों से उपकरण चोरी कर मोटा मुनाफा कमाने का तरीका बताया। जेल से छूटने के बाद उसने अदानान और अन्य साथियों के साथ मिलकर इस गिरोह को सक्रिय कर दिया। वहीं अदानान चोरी के उपकरणों की खरीद-फरोख्त करता था, जबकि सौरभ मोबाइल टावरों से उपकरण चोरी करने का काम करता था।

## गोल मार्केट में चला बुलडोजर, नगर पालिका ने हटवाया अतिक्रमण, डीएम के निर्देश पर हुई कार्रवाई





**हापुड़ (शिखर समाचार)।** नगर के प्रमुख बाजार गोल मार्केट में अतिक्रमण के खिलाफ नगर पालिका परिषद ने बुधवार को सख्त अभियान चलाते हुए जेसीबी की मदद से सड़क किनारे किए गए अवैध और अस्थायी कब्जों को हटवाया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। कुछ स्थानों पर दुकानदारों और पालिका कर्मियों के बीच नोकझोंक भी हुई, लेकिन अभियान शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया। अतिक्रमण की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिलाधिकारी कविता मीना के निर्देश पर नगर पालिका की टीम राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में गोल मार्केट पहुंची। अभियान शुरू होने से पहले अतिक्रमणकारियों को कब्जे हटाने की चेतावनी दी गई। इसके बाद जेसीबी की सहायता से सड़क किनारे लगाए गए बांस-बल्ली, टीन शेड और अन्य अस्थायी निर्माण हटाए गए, जिससे मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अभियान के कुछ घंटे बाद ही ठेले और फेरी लगाने वाले फिर सड़क पर कब्जा कर लेते हैं, जिससे बाजार में जाम की समस्या दोबारा खड़ी हो जाती है। उनका कहना है कि गोल मार्केट लंबे समय से अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहा है और नियमित कार्रवाई ही इसका स्थायी समाधान हो सकती है। वहीं, कुछ दुकानदारों ने अपनी मजबूरी बताते हुए कहा कि अस्थायी दुकान लगाकर ही उनका परिवार चलता है। उनका कहना था कि रोजी रोटी के लिए उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराई जानी चाहिए। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और सुगम बनाने के उद्देश्य से अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## लायंस क्लब ने कौशल किशोर गोयल, अंकित सिंघल और वंदना बंडल को किया सम्मानित



**हापुड़ (शिखर समाचार)।** लायंस क्लब की ओर से बुधवार को आयोजित सम्मान समारोह में निष्ठा ग्रुप के प्रबंध निदेशक कौशल किशोर गोयल, चार्टर्ड अकाउंटेंट एफसीए अंकित सिंघल और सीए वंदना बंडल को उनके सामाजिक एवं पेशेवर योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में क्लब पदाधिकारियों ने तीनों सम्मानित हस्तियों को शॉल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। क्लब अध्यक्ष ने बताया कि कौशल किशोर



गोयल को व्यापारिक गतिविधियों के साथ सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए सम्मानित किया गया। वहीं, एफसीए अंकित सिंघल और सीए वंदना बंडल को वित्तीय जागरूकता फैलाने तथा समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद कौशल किशोर गोयल ने कहा कि सम्मान व्यक्ति की जिम्मेदारियों को और बढ़ा देता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि निष्ठा ग्रुप भविष्य में भी सामाजिक कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी बनाए रखेगा। वहीं, अंकित सिंघल और वंदना बंडल ने लायंस क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पेशेवर दायित्वों के साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना भी प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम में लायंस क्लब के पदाधिकारी, सदस्य, शहर के गणमान्य नागरिक तथा निष्ठा ग्रुप के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अपर जिलाधिकारी बच्चू सिंह को भावभीनी विदाई, प्रशासनिक सेवाओं की सराहना





**गौतमबुद्धनगर (शिखर समाचार)।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मेघा रूपम की अध्यक्षता में अपर जिलाधिकारी (भू-अर्जन) बच्चू सिंह के सेवानिवृा होने पर भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में जिला स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई देते हुए उनके लंबे, सफल और गौरवपूर्ण प्रशासनिक सेवाकाल को याद किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

जिलाधिकारी ने बच्चू सिंह की प्रशासनिक सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पूरे सेवाकाल में निष्ठा, ईमानदारी, अनुशासन और कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, सकारात्मक कार्यशैली, सरल स्वभाव और सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की क्षमता अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगी।

उन्होंने कहा कि बच्चू सिंह ने प्रत्येक जिम्मेदारी को पूरी लगन और संवेदनशीलता के साथ निभाते हुए जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनकी कार्यकुशलता और प्रशासनिक अनुभव से जिला प्रशासन को निरंतर मजबूती मिली। जिलाधिकारी ने उनके स्वस्थ, सुखद और समृद्ध जीवन की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका अनुभव समाज और प्रशासन के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

समारोह के दौरान विभिन्न अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा बच्चू सिंह के सहयोगात्मक व्यवहार, सहज व्यक्तित्व और समर्पित कार्यशैली की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। सभी ने उनके स्वस्थ, सुखद और मंगलमय जीवन की कामना की।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी मेघा रूपम सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। समारोह में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अजीत कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रियंका, नगर मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी वेद प्रकाश पांडेय, सभी उप जिलाधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अखिलेश यादव का जन्मदिन सेवा कार्यों के साथ मनाया, पौधारोपण और फल वितरण किया

**बिजनौर (शिखर समाचार)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन मंगलवार को जिलेभर में सेवा और जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं ने केक काटकर जन्मदिन की खुशी साझा की, भंडारे का आयोजन किया, राहगीरों को शर्बत पिलाया तथा जिला अस्पताल में मरीजों और उनके तीमारदारों को फल वितरित किए।

कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न स्थानों पर फलदार और छायादार पौधों का रोपण भी किया। इस अवसर पर सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।



जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने कहा कि अखिलेश यादव ने अपने राजनीतिक जीवन में विकास, सामाजिक न्याय, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता इन्हीं मूल्यों को लेकर जनता के बीच लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी और प्रदेश में विकास एवं जनहित की नीतियों को आगे बढ़ाएगी।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने अखिलेश यादव के स्वस्थ, दीघार्यु एवं सफल राजनीतिक जीवन की कामना की।

## देवता पीजी कॉलेज में एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ, अनुशासन और एकता का दिया संदेश

**बिजनौर (शिखर समाचार)।** धामपुर क्षेत्र के ग्राम मोरना स्थित देवता पीजी कॉलेज में 32 यूपी बटालियन एनसीसी, धामपुर के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-96 का शुभारंभ बुधवार को हुआ। उद्घाटन सत्र में कैंप कमांडेंट कर्नल गणेश शंकर विद्यार्थी ने 'ओपनिंग एड्रेस' के माध्यम से कैडेट्स को अनुशासन, एकता और समर्पण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने का संदेश दिया। कर्नल गणेश शंकर विद्यार्थी ने देश के विभिन्न क्षेत्रों और बटालियनों से आए कैडेट्स का स्वागत करते हुए कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करता है। उन्होंने सभी कैडेट्स से शिविर के दौरान प्रत्येक गतिविधि में पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ भाग लेने का आह्वान किया। शिविर में विभिन्न



बटालियनों के कैडेट्स संयुक्त रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य कैडेट्स को आपदा प्रबंधन, आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों तथा नेतृत्व कौशल से परिचित कराना है। प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए कैडेट्स को एल्फा, ब्रावो, चार्ली और डेल्टा कंपनियों में विभाजित किया गया है। शिविर के दौरान इन कंपनियों के बीच विभिन्न अंतर-कंपनी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी होगा, जिससे कैडेट्स की प्रतिस्पर्धात्मक भावना, टीमवर्क और दक्षता का विकास हो सके। इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल ललित भट्ट, कैंप एडजुटेंट मेजर रमाशंकर, कैप्टन धीरज शर्मा, लेफ्टिनेंट ललित कुमार, लेफ्टिनेंट जाहिद अली, लेफ्टिनेंट तेजस्वी कुमार, सूबेदार किशन कुमार, सेकंड अफसर विपिन कुमार, नायब सूबेदार मधुसूदन, नायब सूबेदार विनिल कुमार, सेकंड अफसर कंचन, जीसीआई अनुश्री बिष्ट, बीएचएम हवलदार विनोद नेगी, हवलदार सुंदर सिंह, हवलदार प्रकाश सिंह, हवलदार विकास छेत्री सहित एनसीसी स्टाफ और बड़ी संख्या में कैडेट्स मौजूद रहे।

## बिजली समस्याओं को लेकर बीकेयू टिकैत का प्रदर्शन, उपकेंद्र पर पंचायत के बाद सड़क पर लगाया जाम



**जेवर (शिखर समाचार)।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने क्षेत्र में बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को लेकर बुधवार को खुर्जा रोड स्थित विद्युत उपकेंद्र पर पंचायत आयोजित की। पंचायत में बिजली विभाग के अधिकारियों के समय पर नहीं पहुंचने से नाराज किसानों ने कुछ देर के लिए खुर्जा रोड पर जाम लगाकर नारेबाजी की। बाद में अधिकारियों के मौके पर पहुंचने और मांगों पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद किसानों ने जाम समाप्त कर दिया। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष (पश्चिम उत्तर प्रदेश) पवन महेंद्र सिंह चौरौली के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान विद्युत उपकेंद्र पहुंचे और क्षेत्र में लगातार बनी हुई विद्युत समस्याओं को लेकर पंचायत की। किसानों का आरोप था कि लंबे समय तक इंतजार के बावजूद बिजली विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी वार्ता के लिए नहीं पहुंचा, जिससे आक्रोशित होकर उन्होंने खुर्जा रोड पर बैठकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने मांगों के समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद किसानों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। पवन महेंद्र सिंह चौरौली ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या का शीघ्र समाधान कराने, किसानों की सिंचाई के लिए खेतों की नलकूपों को प्रतिदिन लगभग 18 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा जिन गांवों में विद्युत ट्रांसफार्मर खराब हैं, उन्हें 24 घंटे के भीतर बदलने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन तेज करने के लिए बाध्य होगा।

## 18 जुलाई को निकलेगी भव्य भगवान जगन्नाथ रथयात्रा, अमेरिका से आएंगे कृष्ण चैतन्य स्वामी

**जेवर (शिखर समाचार)।** अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) जेवर के तत्वावधान में 18 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद (भंडारा) का भी आयोजन किया जाएगा। इस्कॉन जेवर के अनुसार, रथयात्रा के लिए सेक्टर-33 स्थित इस्कॉन मंदिर से भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा के श्रीविग्रह विशेष रूप से लाए जाएंगे। यात्रा का शुभारंभ खुर्जा रोड स्थित पेट्रोल पंप से होगा। इसके बाद रथयात्रा टप्पल रोड, दाऊजी मंदिर मार्ग और मुख्य बाजार से होती हुई टहनी वाले आश्रम तक पहुंचेगी। रथयात्रा का प्रमुख आकर्षण अमेरिका से आने वाले कृष्ण चैतन्य स्वामी होंगे, जो श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश देंगे। आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन, संकीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस्कॉन जेवर के अध्यक्ष राधाकुंड दास ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि समाज में संस्कार, सद्भाव, आपसी भाईचारे और विश्व शांति का संदेश देने का पावन अवसर है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में रथयात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया।

## मैरिज होम में घुसकर मारपीट और लूटपाट के प्रयास का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**जेवर (शिखर समाचार)।** जेवर कस्बे के एक होटल एवं मैरिज होम संचालक ने कस्बे के ही एक व्यक्ति और उसके साथियों पर शादी समारोह के दौरान मैरिज होम में घुसकर मारपीट तथा लूटपाट का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कस्बा निवासी ध्रुव शरण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका खुर्जा रोड स्थित डी ग्राउंड होटल एवं मैरिज होम में सोमवार तड़के करीब तीन बजे एक शादी समारोह चल रहा था। इसी दौरान कस्बे का एक व्यक्ति अपने लगभग दस साथियों के साथ वहां पहुंचा और कथित रूप से मारपीट तथा लूटपाट का प्रयास किया। पीड़ित के अनुसार, घटना से विवाह समारोह में मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई और कई लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। शोर-शराबा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त होने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जेवर टोल प्लाजा पर शुक्रवार को किसानों का धरना, टोल फ्री समेत कई मांगें उठेंगी

**जेवर (शिखर समाचार)।** क्षेत्रीय समस्याओं और किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति सहित अन्य किसान संगठन शुक्रवार, 3 जुलाई को यमुना एक्सप्रेसवे के जेवर टोल प्लाजा पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। आंदोलन में बड़ी संख्या में किसानों के शामिल होने की संभावना है। भाकियू लोकशक्ति के वरिष्ठ नेता प्रमोद शर्मा ने बताया कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए भूमि अधिग्रहण के बाद किसानों और क्षेत्रीय लोगों को विभिन्न कार्यों के लिए यमुना प्राधिकरण कार्यालय तथा नोएडा आना-जाना पड़ता है। विकास के लिए भूमि देने के बावजूद स्थानीय लोगों को हर बार टोल शुल्क चुकाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अब तक किसान संगठनों की ओर से भेजे जाने वाले संदेश के आधार पर स्थानीय लोगों को टोल से राहत मिल जाती थी, लेकिन यह सुविधा बंद कर दी गई है, जबकि जनप्रतिनिधियों और सत्ताधारी दल से जुड़े लोगों के संदेश अभी भी मान्य हैं। किसान संगठनों ने मांग की है कि यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे शीघ्र सर्विस रोड का निर्माण कराया जाए, स्थानीय निवासियों को टोल शुल्क से मुक्त किया जाए तथा किसानों को लंबित सात प्रतिशत आवासीय भूखंडों का शीघ्र आवंटन किया जाए। इन मांगों को लेकर शुक्रवार को जेवर टोल प्लाजा पर संयुक्त रूप से धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ, जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी



**बिजनौर (शिखर समाचार)।** जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने अभियान की शुरूआत करते हुए आशा और आंगनबाड़ी कार्यकताओं की जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा लोगों से स्वच्छता अपनाकर संचारी रोगों की रोकथाम में सहभागी बनने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों, कर्मचारियों, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं को संचारी रोगों की रोकथाम और स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जनसहभागिता, साफ-सफाई और समय पर उपचार सबसे महत्वपूर्ण हैं। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर और आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखे तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे तो इन रोगों की रोकथाम प्रभावी ढंग से की जा सकती है।

उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों से समन्वय के साथ कार्य करने और अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने पर बल दिया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी मंजूषा गुप्ता, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

